हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



## खबर संक्षेप

### विधायक और महापौर ने थामी झाड़ू सब्जी मार्केट में की सामूहिक सफाई



**बिलासपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े का आज समापन हो गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर तिफरा के सब्जी मार्केट में सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और महापौर पूजा विधानी शामिल हुईं। विधायक श्री कौशिक और महापौर ने सभी के साथ मिलकर मार्केट की सफाई किए। सभी सफाई मित्रों का सम्मान किया और स्वच्छता किट समेत पीपीई किट का वितरण किया। इस दौरान श्री कौशिक ने कहा कि कहा शहर को स्वच्छ रखने लगातार अभियान जारी है। नगर निगम पूरी टीम भावना के साथ काम कर रही है। विधायक श्री कौशिक ने कहा की सब अपना थोड़ा थोड़ा योगदान दें। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि स्वच्छता में हम अभी देश में दूसरे नंबर पर है,प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारा लक्ष्य है और यह तभी संभव होगा जब इसमें शासन प्रशासन के साथ आमजन की सहभागिता हो।स्वच्छता एक जन आंदोलन है जो नागरिकों की सहभागिता के बगैर अधूरा है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर पौधारोपण भी किया।

### सेवा सप्ताह में प्रसूता महिलाओं को फल वितरण



**बिलासपुर।** महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती पर लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा सेवा सप्ताह प्रारम्भ किया गया। यह सेवा कार्यक्रम 8 अक्टूबर तक चलेगा। 2 अक्टूबर को महात्मा गॉधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सेवा सप्ताह प्रारंभ किया गया। उसके बाद जिला अस्पताल में प्रसुता महिलाओं को फल वितरण किया गया। 3 अक्टूबर को जोरा पारा सरकंडा स्थित वृद्धाश्रम में ब्लेकेट वितरण किया गया। 4 अक्टूबर को आंगनबाड़ी बच्चों को भोजन कराया जाएगा। इस कार्यक्रम संयोजक असित पाल जुनेजा, श्रीकांत सहारे, अरविंद दीक्षित है। सेवा सप्ताह के कार्यक्रम को सफल बनाने राकेश सखुजा, डॉ अरूण शुक्ला, इतफाक सागरी, सुभाष अग्रवाल, राकेश पान्डेय, राम सिहं स्वर्णकार, विमल केडिया, डॉ हर्ष पान्डेय, डॉ राजेश दुबे, रमेश अग्रवाल आदि का सहयोग मिल रहा है।

### कलेक्टर ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बिलासपुर।** गांधी जयंती पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मद्य निषेध सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने जिला कार्यालय परिसर से नशापान के खिलाफ जन जागरूकता के लिए सजाए गए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई। यह रथ 8 अक्टूबर तक शहर और ग्रामों का भ्रमण कर नशे से लोगों को दूर रहने की समझाइश देगी। कलेक्टर ने इस अवसर पर नशापान से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अफीमी शिव कुमार बनर्जी, अपर कलेक्टर एसएस दुबे, संयुक्त संचालक टीपी भावे, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे, उत्तम राव, अशोक कश्यप उपस्थित थे। समाज कल्याण विभाग के विभागीय कला पथक दल में लीलाधर भांगे, विजय केसकर, कौशल कश्यप, दादू लाल बरेठ ने गांधी जी के प्रिय भजन की सुंदर प्रस्तुति दी।

### क्यूआर कोड का स्कैन कर ली मनरेगा की जानकारी, दिए सुझाव



**बिलासपुर।** मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता के लिए जिले की सभी 486 ग्राम पंचायत भवनों में क्यू आर कोड चस्पा किया गया है। विशेष ग्राम सभा में शामिल होने शिवतराई पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस पहल का परीक्षण किया। उन्होंने अपनी मोबाइल से पंचायत भवन की दीवार में चस्पा किए गए क्यू आर कोड को स्कैन किया। तत्काल उनके मोबाइल पर जानकारी पहुंच गई। उन्हें पल भर में पंचायत में मनरेगा के तीन साल की रिपोर्ट मिल गई। इनमें स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, मानव श्रम दिवस, भुगतान आदि की जानकारी शामिल है। कलेक्टर ने जिला पंचायत की इस पहल को पारदर्शिता और जनभागीदारी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और उप संचालक शालिनी सिंह भी उपस्थित थीं।

### उरगा-कुसमुंडा नई रेल लाइन पर चलेगी मालगाड़ी

**बिलासपुर।** रेल कारीडोर में उरगा से कुसमुंडा के बीच रेल लाइन का काम पूरा कर लिया गया है, जिसमें मालगाड़ियों का परिचालन शुरु किया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर मंडल के रेल खंड छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर गेवरारोड से पेण्ड्रारोड नई रेल परियोजना में उरगा से कुसमुंडा तक 12.637 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 29 सितम्बर को उच्चस्तरीय समिति ने नवनिर्मित रेल खंड का निरीक्षण किया, जिसमें प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी शामिल थे। समति ने जारी ज्वाइंट सेफ्टी सर्टिफिकेट में यह प्रमाणित किया कि यह खंड माल यातायात परिचालन के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। रेल अधिनियम 1989 की धारा 22 (1) के अंतर्गत आवश्यक प्रावधानों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने 30 सितम्बर को इस खंड को माल यातायात परिचालन के लिए अधिकृत किया है। इस रेल लाइन पर प्रारंभिक अधिकतम गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

# बारिश से भीगा, पूरा नहीं जला दशानन



रिवरव्यू रावण का नहीं जला सिर।

**बिलासपुर।** शहर में दशहरे पर रावण दहन देखने हजारों की संख्या में शहरवासी मौजूद रहते हैं।

मौसम साफ होने की स्थिति में पुतले के पूरे दहन तक लोग वहीं खड़े होकर आनंद लेते रहते हैं। इस साल रावण दहन के दौरान ही बारिश होते रहने के कारण लोगों ने पुतले का दहन होते ही अपने आपको बारिश से बचाने अपने-अपने घर की राह पकड़ ली थी। इधर दूसरे दिन शुक्रवार को शहर की सड़कों पर आवागमन के दौरान अलग-अलग स्थानों पर पुतलों के अधजले शरीर को देखकर शहरवासियों के ठहाके लगते रहे।



साइंट कॉलेज का भी नहीं जला रावण।

### बारिश ने बिगाड़ा मामला

इस साल शहर में रावण का दहन कुछ खास रहा। दशहरा उत्सव समितियों द्वारा कई दिनों की मेहनत के बाद तैयार किए गए रावण के पुतले पूरी तरह नहीं जल पाए। कहीं रावण के हाथ, तो कहीं सिर, तो कहीं-कहीं रावण के वरदान प्राप्त अतिरिक्त सिर पूरे के पूरे जलने से शेष रह गए।

### बस स्टैण्ड में तीन सिर और एक हाथ अधजला

पुराने बस स्टैण्ड में बनाए गए रावण के विशालकाय पुतले का गुरूवार की रात दहन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान बारिश हो रही थी। रावण दहन करने के बाद पैरा व पटाखों के बल पर पुतले का लगभग पूरा शरीर तो जल गया, लेकिन आग की लपटों के कम होते ही ऊपर अतिरिक्त सिर तक आग नहीं पहुंच सकी और तीन सिर जलने से रह गए। इसी तरह बारिश में पुतले के भीगने के कारण पुतले का बायां हाथ भी पूरा का पूरा जलने से रह गया।

### पुलिस ग्राउंड में सिर बचा शहरवासी हुए निराश

नगर नगम द्वारा पुलिस ग्राउंड में बनाया गया रावण का पुतला इस साल शहरवासियों को निराश कर गया। बारिश ने ऐसा माहौल बनाया कि रावण के पुतले के पूरा जलने से के पहले ही पानी ने पुतले में लगी आग की लपटों को शांत कर दिया। परिणामस्वरूप पेट के ऊपर का हिस्सा छाती, भुजा व मुख्य सिर सहित दसों सिर नहीं जल सके। फजीहत से बचने सुबह निगम के अमले के द्वारा आनन-फानन में पुतले को उठाकर अन्यत्र फेंका गया।

### लाल बहादुर मैदान में हाथ-पैर भरभराकर गिरे

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में रावण दहन से ठीक पहले हल्की बारिश हो रही थी, लेकिन रावण दहन के दौरान बारिश थम चुकी थी। समिति का कहना था कि यहां का पुतला पूरी तरह वाटरप्रूफ बनाया गया है, जिससे बारिश का कोई भी प्रभाव पुतले पर नहीं पड़ेगा। शायद यही कारण है कि यहां रावण के पूरे शरीर का दहन अच्छे से हुआ। इस दौरान हाथ और पैर जलने के पहले ही भरभराकर गिर गए, जिसका दहन नहीं हो सका और शुक्रवार की रात तक

### रिवरव्यू में पुतले का सिर नहीं जला

रीवर व्यू में आदर्श दुर्गोत्सव समिति द्वारा बनाए गए रावण के पुतले का वैसे तो पूरा शरीर जल गया था, लेकिन सिर जलने से रह गया। शहर में विभिन्न स्थलों पर किए गए पुतला दहन कार्यक्रम में से आदर्श दुर्गोत्सव समिति द्वारा किया गया पुतला दहन कार्यक्रम सबसे अंत में संपन्न हुआ था। बारिश इस समय भी हो रही थी, जिससे पुतले के सिर जलने से रह गए। सुबह निकले लोगों ने अधजल रावण का पुतला देख हंसी उड़ाते रहे।



पुराना बस स्टैंड में ठीक से नहीं जला रावण।

### मिनोचा कालोनी में 60 फीट ऊंचे रावण का दहन

# बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है दशहरा





मिनोचा कॉलोनी में रावण दहन के दौरान मौजूद महापौर पूजा विधानी, प्रमोद खेड़िया एवं अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिनोचा कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी द्वारा धूमधाम से कालोनी के मैदान में दशहरा उत्सव मनाया गया। इस दौरान दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और राम दरबार की मनोरम झांकी निकाली गई, इसके बाद 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि हम सदियों से बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव के रूप में दशहरा मनाते आ रहे हैं। मिनोचा कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित हुए थे। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने सभी को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में दशहरा मना रहा है। दशहरा प्रेरणा लेने का दिन है कि चाहे कोई कितना भी ताकतवर हो, परन्तु उसकी बुराई पर अच्छाई की ही जीत होना तय है।

- आतिशबाजी के साथ राम दरबार की निकाली गई झांकी

उन्होंने कहा कि सदियों से हम बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए रावण दहन कर जश्न मनाते हैं, क्योंकि बुराई, बुराई होती है और अच्छाई, अच्छाई। सराफा एसोसिएशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने दशहरा की सभी को बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व के 9 दिनों की पूजा के बाद दशहरा त्यौहार मनाने जा रहे हैं। यह प्रतीकात्मक रूप से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में रावण दहन करते हैं। यह बताता है कि बुराई की हमेशा हार होती है। मिनोचा कालोनी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों के परिचय के साथ पूर्व अध्यक्षों द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि कालोनी में काफी विकास हुआ है और हरियाली के कारण यहां वातावरण गर्मी में भी उतना गर्म नहीं रहता है।

उन्होंने बताया कि पिछले बार केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने अपनी सांसद निधि से कालोनी में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की थी, उसकी स्वीकृति हो चुकी है। इस दशहरा उत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्या आटोमोबाइल के संचालक प्रमोद खेड़िया एवं दिल्ली आईएएस अकादमी के संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी सहित पूर्व महापौर राजेश पांडेय, पार्षद नितिन पटेल, सोसायटी के सचिव प्रशांत प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप वहरानी, अंकित अग्रवाल, सहित सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न आयोजनों प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किया गया और पदाधिकारियों, नागरिकों का सम्मान भी किया गया।

### शस्त्र पूजा कर एसएसपी ने की हर्ष फायरिंग



एसएसपी रजनेश सिंह ने विजयादशमी पर्व पर पुलिस लाइन शस्त्रागार में सुबह में विधी विधान से अस्त्र - शस्त्रों की पूजा अर्जना की गई। शस्त्र पूजा के दौरान किसी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने व असहाय आमजनों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। पूजा के बाद एसएसपी श्री सिंह ने हवाई फायरिंग की। इसके अलावा जिले के सभी पुलिस थाने व चौकी में भी शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारियों ने स्टाफ की माजूदगी में शस्त्रपूजन किया गया है। इस दौरान एडीशनल एसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल, अर्चना झा, अनुज कुमार, डीएसपी रस्मीत कौर चावला, नुपूर उपाध्याय, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### नारीशक्ति ने की हर्ष फायरिंग



एसएसपी रजनेश सिंह के शस्त्र पूजन पश्चात महिला पुलिस अधिकारी एएसपी अर्चना झा, गरिमा द्विवेदी,डीएसपी रश्मित कौर चावला, नुपूर उपाध्याय ने हर्ष फायरिंग की।

## एसईसीएल ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, स्वच्छता की ली शपथ




**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के नेहरू शताब्दी नगर स्थित गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक(एचआर) बिरंची दास, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) आर.सी.महापात्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन की उपस्थिति में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि सीएमडी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। एसईसीएल द्वारा विशेष अभियान 5.0 के प्रारम्भिक चरण में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया है। जिसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों, परिसरों, नदियों को साफ करने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए गए। इस दौरान मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया ।

## कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर / ग्रामीण ) द्वारा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार और सिद्धांत हमेशा प्रासंगिक होंगे। जिन्होंने सत्य, अहिंसा और सविनय आंदोलन को अपना अमोघ अस्त्र के रूप में प्रयोग कर जहां भारत को आजादी दिलाई। संयोजक जफ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि लालबहादुर शास्त्री एक कर्मठ, निष्ठावान और सैद्धांतिक व्यक्ति थे। उन्होंने सैनिकों और किसानों की महत्ता को दर्शाया। कार्यक्रम में माधव ओत्तालवार, त्रिभुवन कश्यप, शिवा मिश्रा, विश्वम्भर गुलहरे, कालीचरण यादव, विनोद साहू, जितेंद पांण्डेय, स्वर्णा शुक्ला, अन्नपूर्णा ध्रुव, चंद्रहास केशरवानी, शैलेन्द्र जायसवाल, विजय दुबे, गणेश रजक, जसबीर गुम्बर, सुरेंद्र तिवारी, सूर्यमणि तिवारी, भगत गांधी, सुनील पांण्डेय, चंद्रहास शर्मा आदि मौजूद थे।

## स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकला



**बिलासपुर।** मां भारती की सेवा, समरसता, राष्ट्रीय एकता और सनातन संस्कृति के संवर्धन को जीवन का ध्येय बनाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने संघ शताब्दी पर केशव उप नगर के लाजपत राय नगर बस्ती से स्वयंसेवको का पथ संचलन निकला गया, जो खपरगंज, सिम्स, मिशन अस्पताल, पुलिस लाइन, मसानगंज, मध्यनगरीय होते हुए लाजपतराए स्कूल पंहुचा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सराफा व्यापारी छेदीलाल शराफ ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्वास जलताडे ने बताया कि शताब्दी वर्ष होने पर संघ द्वारा नए स्वयंसेवको को जोड़ने का विशेष प्रयास किया जा रहा है।

## एसईसीएल कोरबा में महिलाओं द्वारा संचालित स्टोर यूनिट का शुभारंभ



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में आज कोल इंडिया का एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ा, जब प्रथम पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित सीडब्लयूएस कोरबा में सेंट्रल स्टोर फॉर स्पेयर पार्ट्स सप्लाई एंड मैनेजमेंट का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य अतिथि एवं एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन ) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी/योजना परियोजना ) आर.सी. महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन थे। एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश ने कहा कि यह कदम एक बड़े बदलाव की शुरुआत है। पहले हमने बिलासपुर के वसंत विहार में कोल इंडिया का प्रथम महिला चिकित्सालय शुरू किया था। अब कोरबा में महिलाओं द्वारा संचालित सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत की गई है।

## यात्रियों को दिखना चाहिए वेटिंग हॉल अप टू डेट



**बिलासपुर।** आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के नए वेटिंग हॉल में सीटिंग अरेंजमेंट और अन्य व्यवस्था को देखकर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने वेटिंग हॉल को यात्रियों के लिए अप टू डेट करने का आदेश डिवीजन के अफसरों को दिया है, ताकि अमृत भारत स्टेशन की ओपनिंग के उपरांत किसी तरह की शिकायत का मौका रेल प्रशासन को यात्रियों से न मिल सके। 2 अक्टूबर गांधी जयंती और दशहरा की छुट्टी होने के बावजूद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित जोन व डिवीजन के अफसर आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई के लिए सुबह 8.30 बजे से पहुंच गए थे। सफाई अभियान चलाने से पहले जीएम और अन्य अधिकारियों ने स्टेशन प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम तरूण प्रकाश ने वेटिंग रूम, लिफ्ट, टिकिट काउंटर आदि का निरीक्षण किया।

### बिजनेस प्लस

## स्मार्ट फीचर्स के साथ माइलेज भी देती है टीवीएस राइडर : चन्द्र टीवीएस




**बिलासपुर।** टीवीएस राइडर स्मार्ट फीचर्स के साथ माइलेज भी देती है। यह कहना है टीवीएस मोटर कम्पनी के अधिकृत विक्रेता चन्द्र टीवीएस के संचालक कैलाश तिवारी का।

उन्होंने बताया कि यह गाड़ी मुख्य रूप से युवाओं के लिए डिजाइन की गई है जिन्हें किफायती कीमत में स्पोर्टी डिजाइन, फ्यूल एफीसिएंसी और इसका जबरदस्त परफार्मेंस इसे अन्यू टूव्हीलर से अलग करता है। टीवीएस राइडर ड्रम, डिस्क, सिंगल व डबल सीट के वेरियंट में मिलती है। उन्होंने बताया कि यह 100 सीसी के दाम में 125 सीसी का दम रखती है। जीएसटी की दरों में कमी और आकर्षक ऑफर ने इसे लोगों की पहली पसंद बना दी है। आकर्षक एक्सचेंज योजना व कम ब्याज दर की योजनाएं संस्थान में उपलब्ध हैं।

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025







## खबर संक्षेप

### अब केवल स्पीड पोस्ट ही होंगे रजिस्टर्ड

**बिलासपुर।** डाक विभाग ने एक अक्टूबर 2025 से अपनी सेवाओं में बदलाव किया है। रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट से जुड़ी नई व्यवस्था का सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत साधारण पत्रों में अब रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। इसके स्थान पर केवल स्पीड पोस्ट को ही रजिस्टर्ड किया जा सकेगा। पहले रजिस्ट्री का शुल्क 17 रुपए लिया जाता था, जिसे घटाकर केवल 5 रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) कर दिया गया है। नए बदलाव के अनुसार बिना रजिस्ट्री वाले स्पीड पोस्ट सीधे पते पर पहुंचेंगे, जबकि रजिस्ट्री वाले स्पीड पोस्ट केवल प्राप्तकर्ता को ही दिए जाएंगे। इससे पत्रों का वितरण और अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद होगा। डाक विभाग ने सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी की नई सुविधा भी शुरू की है।

### दो दिन बाद खुला अस्पताल सिम्स में रही जबरदस्त भीड़

**बिलासपुर।** मौसम की मार के कारण हर घर में बीमारी से पीड़त मरीज है, ऐसे में निजी सहित सरकारी अस्पतालों में मरीजों की कतार देखी जा रही है। शुक्रवार को सिम्स के एमआरडी में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं थी। दो दिन बाद अस्पताल खुलने के कारण मरीजों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। करीब 2 हजार से अधिक मरीजों का पंजीयन किया गया, इसमें से 16 सौ महज ओपीडी पंजीयन रहा। भीड़ अधिक होने के कारण डाक्टर व स्टाफ को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# 120 स्पेशल ट्रेनें, फिर भी मेट्रो से आने वाली ट्रेनों में नो रूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि से दीपावली और छठ पर्व तक रेल प्रशासन ने 120 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु कर दिया है। इसके बावजूद मेट्रो सिटी से बिलासपुर और उसलापुर की ओर आने वाली मुख्य मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनो के स्लीपर और एसी कोच के बर्थ 10 से 18 अक्टूबर तक फुल हो चुके हैं। मुख्य रूप से यशवंतपुर, आजादहिंद एवं मेल व अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का हाल ऐसा हो गया है कि नो रूम के कारण बर्थ की मारामारी शुरू हो चुकी है।

नवरात्र के बाद दशहरा और आगामी दिनों में दीपावली के बाद छठ का पर्व पड़ने वाला है। प्रतिवर्ष दशहरा और दीपावली का पर्व मनाने के लिए बाहर कमाने खाने जाने वाले लोगों के अलावा पढ़ने वाले बच्चे अपने-अपने घर वापस होते हैं। इसके कारण फेस्टिवल सीजन में यात्रियों की भीड़ अधिक होने से बर्थ भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है। रेलवे ने भीड़ कम करने और ज्यादा से ज्यादा कंफर्म बर्थ देने के लिए पहले ट्रेन के संबंधित स्टेशन से रवाना होने के चार माह पहले ही रिजर्वेशन कराने की सुविधा दी थी, जिसे कुछ दिन पहले चेंज करते हुए दो माह कर दिया गया है। रेलवे के इस बदले गए नियम से कई यात्रियों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है। आरक्षण काउंटर बुकिंग के अलावा आनलाइन बुकिंग करते हुए लोग रातों रात अपनी बर्थ आरक्षित कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार दो माह पहले ही हजारों की संख्या में एक साथ बुकिंग की जा चुकी है, जिसके कारण नई दिल्ली, पुणे, जम्मू, जयपुर कोटा व अन्य स्टेशनों से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों की स्थिति नो रूम में पहुंच गई है।

### 18 अक्टूबर तक की स्थिति

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छठ पर्व से पहले ज्यादातर ट्रेनों के स्लीपर और एसी के बर्थ फुल हो चुके हैं। इसके तहत 18 अक्टूबर तक मेट्रो स्टेशन से आने वाली मुख्य ट्रेनों में निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्कक्रांति एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में बर्थ हैं, वहीं एसी थर्ड, सेकेंड और फर्स्ट में वेटिंग की स्थिति 30 से 34 के बीच, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर से उसलापुर आने वाली एक्सप्रेस के स्लीपर में बर्थ उपलब्ध और एसी टू, थर्ड में वेटिंग 10 से 15 के बीच, पुणे से बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस के स्लीपर से लेकर एसी तक की स्थिति नो रूम के अलावा मुम्बई-हावड़ा मेल, ज्ञानेश्वरी, पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस में नो रूम की स्थिति बन गई है। इसी तरह बेंगलुरु, हैदराबाद से आने वाली यशवंतपुर एक्सप्रेस के एसी में नो रूम और स्लीपर में वेटिंग का आंकड़ा 150 से अधिक पहुंच गया है।

दस दिनों बाद पूरक परीक्षा

यूनिवर्सिटी ने जारी नहीं किए अभी तक पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के नतीजे

# पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना वाले स्टूडेंट पशोपेश में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के लिए फार्म भरने वाले कालेजों के विद्यार्थी पशोपेश में हैं। अटल यूनिवर्सिटी ने पूरक परीक्षा की समय सारिणी घोषित कर दी है और दस दिनों बाद पूरक परीक्षा शुरू हो रही है। दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी ने अभी तक पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के परिणाम घोषित नहीं किए हैं।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के बाद कई छात्र-छात्राओं रिजल्ट खराब आया था। कई विद्यार्थी कुछ नंबरों के चलते पूरक आ गए थे तो कुछ दो विषयों में फेल हो गए थे। उन विद्यार्थियों के अनुसार उन्हें अपेक्षाकृत कम नंबर मिले, जिससे उनका परीक्षा परिणाम खराब आया था। इसलिए ऐसे विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन,



पुनर्गणना का फार्म भरा है। उनके आवेदन के बाद पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के नतीजे अभी तक नहीं आए हैं। इधर यूनिवर्सिटी ने पूरक परीक्षा का फार्म भी भरा लिया है और परीक्षा समय सारिणी भी घोषित कर दिया है। इस तरह से पूरक परीक्षा शुरू होने में अब केवल दस दिन शेष हैं। ऐसे में पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना कराने वाले विद्यार्थी पशोपेश में पड़ गए हैं। क्योंकि पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के नतीजे नहीं आने से उन्हें यह पता नहीं है कि वे पास हो रहे हैं या फिर उन्हें पूरक परीक्षा में बैठना पड़ेगा। ऐसे बहुत से विद्यार्थियों ने पूरक परीक्षा फार्म भी नहीं भरा है।

### पूरक परीक्षा के एक दिन पहले तक भर सकेंगे फार्म

यूनिवर्सिटी की मुख्य परीक्षा के स्नातक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीकॉम, बीबीए, बीसीए भाग-एक, दो व तीन के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन के लिए जिन विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया है वे पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के परिणाम जारी होने पर यदि पूरक घोषित होते हैं तो ऐसे परीक्षार्थी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी पूरक परीक्षा तिथि से एक दिन पहले तक परीक्षा आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क का आनलाइन भुगतान कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र से पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

### फार्म भरने की तिथि समाप्त, 13 तारीख से परीक्षा

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पूरक परीक्षा फार्म आनलाइन भरने की जो तिथि घोषित की गई थी वह समाप्त हो गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीकॉम, बीबीए, बीसीए भाग-एक, दो व तीन के पूरक घोषित परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यूनिवर्सिटी के अधिकृत वेब पोर्टल में आनलाइन परीक्षा फार्म भराना 15 सितंबर से 30 सितंबर तक परीक्षा फार्म भराया गया। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी समय सारणी के अनुसार 13 अक्टूबर से पूरक परीक्षा चालू हो रही है।


BMC विद्या ददाति विनयम्

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116



## खबर संक्षेप

### दशहरा देखने गए युवकों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** दशहरा देखने गए युवकों ने रंजिश के चलते एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पचबहरा निवासी निरंजन पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका भतीजा अमर पटेल, विवेक पटेल मोहल्ले के अन्य साथियों के साथ दैहानपारा में दशहरा देखने गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते सुनील सिंगरौल ने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट मारपीट कर दी। वहीं, दूसरे पक्ष के त्रिलोकी सिंगरौल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, अमर पटेल एवं साथियों ने मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### पड़ोसियों ने की महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** करेला तोड़ने के लिए सीढ़ी लगाने के लिए मना करने पर पड़ोसी ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने प्राथीयां की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मटसगरा निवासी लता साहू पड़ोसी सुनीता साहू के घर की दीवार पर सीढ़ी लगाकर करेला तोड़ रही थी। इस पर सुनीता ने लता के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच सुनीता का पति राधेश्याम साहू, बेटा आर्यन आया भी वहां पहुंचे और लता के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। शिकायत पर पर धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### 30 नग प्लेन शराब जब्त

**तखतपुर।** आटे की बोरी में 30 नग प्लेन शराब लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को बेलसरी में अवैध रूप से शराब बिक्री की शिकायत मिली। शिकायत पर पुलिस ने बेलसरी नहर रोड पर दबिश देकर सूरज प्रधान के कब्जे से आटे की बोरी में बिक्री के लिए रखी 30 नग देशी प्लेन शराब जप्त कर लिया।

## निधन

### शोभा रानी बोलर



**बिलासपुर।** जवाली पुल के पास रहने वाली शोभा रानी बोलर पति स्व. मनोहर लाल का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से मधुबन के लिए निकलेगी। वे मनमोहन, ब्रिजमोहन और राममोहन बोलर की माता थीं।

### कान्ति पाण्डेय



**लगरा।** रांक निवासी कान्ति पाण्डेय का 93 वर्ष की आयु में 30 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। वे गिरजा षंकर पाण्डेय, नरेन्द्र पाण्डेय, छोटे लाल पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय, सोहन पाण्डेय का माता थीं।

## दशहरा पर हांफा में रामलीला का मंचन कर दहन किया गया रावण

# धूमधाम से मना असत्य पर सत्य की जीत का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व अंचल में धूमधाम से मनाया गया। ग्राम हांफा में रामलीला का मंचन कर रावण दहन किया गया। गौरतलब है कि, समीपस्थ ग्राम हांफा में विगत 158 वर्षों से दशहरा पर रामलीला का आयोजन किया जाता है। गांव के बाल व युवा कलाकार रामचरित मानस के विभिन्न किरदारों का मंचन करते हुए रामलीला करते हैं। इसी क्रम में दशहरा के मौके पर गुरुवार को हांफा के पंचायत भवन मैदान में अशासकीय कला मंडली की ओर से रामलीला का आयोजन किया गया।

रामलीला में प्रशांत यादव ने रावण एवं प्रतीक तिवारी ने राम का किरदार निभाया। साथ ही रूद्र पाण्डेय लक्ष्मण, शिवम तिवारी हनुमान, कान्हा यादव अंगद, यश शर्मा विभीषण, सत्यम तिवारी पार्वती एवं तुषार अवस्थी ने सूत्रधार की भूमिका अदा की। रामलीला के पश्चात रावण दहन किया गया, जिसे देखने हजारों की संख्या में गांव एवं आसपास क्षेत्र के दर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, आकाश अवस्थी, अजीत तिवारी, तुषार अवस्थी व मुकेश दुबे ने किया। रामलीला का मंचन, रावण पुतला निर्माण एवं दहन में पूर्व सरपंच संदीप मिश्रा, पूर्व उपसरपंच नितेश राजा मिश्रा, अविनाश तिवारी, लव पांडेय, मुकेश छोटू तिवारी, धनंजय मोहन दुबे, राजेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, अनूप दुबे, अमित उपाध्याय, विकास कौशिक, सचिन मिश्रा, अरुण श्रीवास, अवधेश दुबे, हिमांशु तिवारी, सोनू यादव, राहुल केवर्त, मनीष यादव, प्रियांशु कौशिक, सागर मिश्रा, दीपांशु कौशिक आदि का विशेष योगदान रहा। व्यास मंच पर मनीराम यादव, महेन्द्र दुबे, बलिराम यादव, गिरिवर यादव, संजय तिवारी ने गायन-वादन व संगीत देकर रामलीला को रोचक एवं



मनमोहक बनाया। कार्यक्रम में गांव के पूर्व सरपंच गेंदराम मिश्रा, उपसरपंच आशीष मिश्रा, त्रियुगी नारायण श्रीवास, मनहरण कैवर्त, ओमप्रकाश तिवारी, पूर्व जपं उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, सूर्यकांत उपाध्याय, उमाशंकर कौशिक, सुखऊराम कैवर्त, दुजराम कैवर्त, गोविंद यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आतिशबाजी के साथ विसर्जित की गई माता की प्रतिमा



**लगरा।** जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन खारंग नदी में आतिशबाजी के साथ किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक भवन से मनमोहक झांकी निकाल कर मुख्य मार्ग होते हुए लगरा गेट, स्कुल चौक, श्रीवास मोहल्ला, यादव मोहल्ला, श्रीराम-जानकी मंदिर का भ्रमण किया गया। इस दौरान चौक-चौराहो पर रंगोली सजाई गई एवं आरती कर झांकी की स्वागत किया गया। खारंग नदी एनीकट स्थल में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बी साही, भागीरथी साव, गणेष गुप्ता, आनंद सोनटके, नेगी, कुंदन सिंह, किषन सिंह, बीडी सिंग, डीपी सरकार, रामगोपाल षर्मा, रामकुमार ठाकुर, निर्मल दास मानिकपुरी, पूर्व सरपच षत्रुहन साहू, आरके सिंह, पांडेय जी, भूरू, गणेष कैवर्त्य, कोंदा, डब्बू कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रायपुर आगमन पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्री सवन्नी ने उनका स्वागत किया।

# बिजली दरों में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा बिजली ऑफिस

**तखतपुर।** प्रदेश की सड़कें जर्जर हो गई हैं, बिजली कटौती चरम सीमा पर है एवं जनता विद्युत विभाग की मनमानी से त्रस्त है। बिजली हाफ दी जा रही है, और बिल पूरा वसूला जा रहा है। फूल वाली सरकार प्रदेश की जनता को फूल बना रही है। उक्त बातें कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को नगर के मनियारी पुल के पास आयोजित धरना प्रदर्शन में कही।

- एक माह में मांगें पूरी नहीं की गई तो करेंगे चक्काजाम

कार्यक्रम के प्रारंभ में कांग्रेस नेताओं ने जर्जर सड़क पर वाहन चला रहे राहगीरों को गुलाब का फूल देकर गांधीगिरी का परिचय दिया। प्रदेश कांग्रेस सचिव आतमजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि, प्रदेश सरकार से जनता त्रस्त हो गई है। विकास के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई चल रही है। प्रदेश की जनता को अब कांग्रेस की सरकार की याद आने लगी है। इसके बाद सभी कांग्रेसी बिजली कार्यालय का घेराव करने पहुंचें। इस दौरान उन्होंने बिजली बिल की कटौती और बढ़ोतरी को लेकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का



संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन एवं आभार प्रदर्शन समन्वयक अभ्युदय तिवारी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, मुन्ना श्रीवास, शिवबालक कौशिक, पुष्पा श्रीवास, बिहारी देवांगन, अभ्युदय तिवारी, सुरेश ठाकुर, अजय देवांगन, अजय सिंह, जितेंद्र राज, चंद्रप्रकाश देवांगन, रमन हुरा, करीम कुरैशी, बबलू गुप्ता, जितेंद्र राज, अजमत हुसैन, अवधेश शुक्ला, राजू ठाकुर, राजवीर हूरा, संदीप पटेल, हेमंत कश्यप, बबलू पटेल, प्रियांशु डहरिया, आसीन सामुएल, दीपक लहरे, अंकित मसीह, मुस्तफा वनक, अजय ध्रुव, रवि यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# क्रशर डिपो के विरोध में ग्रामीणों ने घेरा कलेक्ट्रेट

**सकरी।** ग्राम मेढ़पार में प्रस्तावित महाकाल कोल साइडिंग एवं क्रशर डिपो के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। 18 सितंबर को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर गांव में डिपो खोलने की अनुमति ना देने की मांग प्रशासन से की थी। साथ ही मांग नहीं मानने पर 2 अक्टूबर गांधी जयंती को कलेक्ट्रेट घेराव कर प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।

- गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया प्रदर्शन

प्रशासन की तरफ से सकारात्मक पहल नहीं होने पर गुरुवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे एवं वहां स्थापित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को सद्बुद्धि देने की



प्रार्थना की। छुट्टी का दिन होने के बाद भी नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव ग्रामीणों से चर्चा करने पहुंचीं एवं मामले की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी को मेढ़पार भेजकर ग्रामीणों से चर्चा कराने की बात पर आंदोलनकारी सहमत हुए एवं वापस गांव लौटे। ज्ञापन सौंपने वालों में सुशील केवट, उमाशंकर,समारू निषाद, मनोज कुमार, बहोरिक, बिहारी, गुमाराम, मुकेश, ताराचंद, नरेन्द्र, पियूष निषाद, संतराम केवट,पुररू, दशरत, सुरेन्द्र, सुरेश, दुजराम, यशवंत पुरी, केशो राम, केशर, सियाराम, टिल्लू,मोंटू, धनीराम यादव, गब्बर सिंह, अशोक कुमार, नागेश्वर कौशिक, मजनू, आयुश, ललित शर्मा, देवनारायण, आनंद जांगड़े, डेविड कैमरन, लालू यादव, संतोष कुमार संजय संजीत मंगलेश, सीआर निषाद सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# होटल में तीन बार चोरी करने वाला गिरफ्तार

**सीपत।** सीपत पुलिस ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से यह साबित कर दिया है कि, अपराध चाहे कितना भी चालाकी से क्यों न किया जाए, कानून के शिकंजे से बचना आसान नहीं है। थाना चौक क्षेत्र स्थित होटल में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में डॉग स्क्वॉयड की अहम भूमिका रही, जिसने आरोपी तक पुलिस को सीधे पहुंचा दिया। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि, प्रार्थी गुड़ी निवासी अनिल रजक पिता पुसाउराम रजक ने थाना सीपत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, उनकी होटल से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि, 2 अक्टूबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोर होटल की छत का एलबेस्टर



तोड़कर गल्ले से नगदी रकम उड़ा ले गया। इसके पूर्व भी 17 सितंबर की रात इसी होटल से नगदी रकम चोरी हुई थी। डॉग स्क्वॉयड ने दिखाई दिशा - मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में तत्काल डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया, जिसने पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में मदद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलेश कुमार सूर्यवंशी उर्फ लला उम्र 20 वर्ष निवासी नहरपारा थाना सीपत के रूप में हुई। मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ करने पर आरोपी ने होटल में चोरी करना स्वीकार कर लिया। साथ ही आरोपी ने खुलासा किया कि, रात्रि में होटल के गल्ले से करीब 15-20 हजार रुपए चुराए थे, जिसमें से 2 हजार रुपए बरामद किए गए। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# बाल भारती के नौनिहालों ने राष्ट्रीय क्विज में दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सरस्वती ऑडिटोरियम नोएडा में दिनांक 14 सितंबर 2025 को आयोजित मेधा क्विज के राष्ट्रीय समापन चरण में बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत के विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञान-प्रतिभा, त्वरित उत्तर क्षमता और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एनटीपीसी की ओर से आयोजित की गई थी, जिसमें एनटीपीसी विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा कंपनी के कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में आर्यन अत्तलस एवं अंशुमन सेठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 30 हजार की धनराशि प्रदान की गई। यह पुरस्कार एनटीपीसी के मानव




संसाधन निदेशक अनिल कुमार जादली द्वारा प्रदान किया। इसी श्रृंखला में कनिष्ठ वर्ग में अनय अत्तलस व तृसा राज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 20 हजार की धनराशि प्रदान की गई। समापन सत्र में मुख्य अतिथि अनिल कुमार जादली, मानव संसाधन निदेशक, एनटीपीसी, ने प्रतिभागियों की ज्ञान-प्रतिभा, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने कहा कि, हमारे विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, मेहनत और आत्मविश्वास से न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा भी बन गए हैं।

# बेलपान में महारास लीला का आयोजन 6 से

**तखतपुर।** बेलपान में महारास लीला का आयोजन 6 से 14 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथ विधायक धर्मजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ व जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप रहेंगी।

आयोजन को सपल बनाने व्यास हरिचरण दास वैष्णव, संत जन बिहारी साहू, अनंताचार्य सुदर्शनगिरि बसपान, तेजेश्वर पाण्डेय, पिल्लूराम साहू, आचार्य पं छेदीधर दीवान, मुख्य यजमान भुनेश्वर साहू, त्रिवेनी साहू, गनेशिया, गौकरण साहू, कुंजबिहारी ध्रुव, गरीबा यादव, संदीप सक्सेना, गनपत विश्वकर्मा, भंवरसिंह ध्रुव, रामफल श्रीवास, राजेन्द्र जगत, मस्तूराम, बिसाहू राम कश्यप, अंकुर सक्सेना, लालाराम साहू, स्वारथ जगत, संतराम साहू, तोपसिंह आदि तैयारी में जुटे हुए हैं।

### न्यायालय अति तहसीलदार मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

रा प्रकरण क्रमांक /अ-19/ 2024-24
ग्राम-भेलाई/रलिया

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (भूमि आबंटन शाखा) बिलासपुर का पृ.क्र./2391/ भूमि आबंटन / 2025 बिलासपुर दिनांक 19.07.2025 के अनुसार आवेदकगण विनोद कुमार मित्तल पिता डी.पी. मित्तल एवं अन्य 01 अरपा कोल बैनिफ्रिकेशन एण्ड एनर्जी एलएलपी निवासी विनोबा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम भेलाई प.ह.नं. 03, तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर स्थित आवेदक के निजी स्वामित्व की भूमि ख.नं.209/15, 209/3, 209/11, 209/12, 209/16, 209/18, 209/19, 209/21, 209/24, 209/26, 209/20, 209/1 कुल रकबा 5.35 ए. जयरामनगर से रलिया मार्ग को जाने वाले रास्ते पर स्थित है। आवेदक के भूमि और उक्त मार्ग के बीच में शासकीय भूमि ख.नं.206, रकबा 4.06 ए. स्थित है। आवेदक के भूमि और उक्त मार्ग के बीच में शासकीय भूमि ख.नं.206 रकबा 4.06 ए.स्थित है। आवेदक अपने स्वामित्व की भूमि पर कोयला क्रशर स्थापित करना चाहता है, परंतु वहां तक पहुंचने के लिए शासकीय भूमि ख.नं.206 के रकबा से लगभग 60x200 फुट (लगभग 28 डिसमिल) भूमि की मार्ग हेतु आबंटित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति दावा हो तो इस न्यायालय में दिनांक 15/10/2025 को आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं शीलमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार, मस्तूरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
### सूचना का प्रकाशन

ग्राम कंचनपुर, तह. रतनपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 15.09.2025

एतद् द्वारा इस ईश्तहार के माध्यम से अनावेदकगण जोहितराम, जोहनराम, मोहनराम, शत्रुहन, शांति बाई, कांति बाई, गायत्री बाई, गीता बाई पिता पवन सिंह, संतोषी बाई पति देवनारायण निवासी कंचनपुर, तहसील रतनपुर, हा.मु. ग्राम रिगरिया, तहसील बेलगहना, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदक दूजराम पिता कुंदलाल, जाति यादव, उम्र 79 वर्ष, निवासी ग्राम कंचनपुर, तहसील रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसके अनुसार ग्राम कंचनपुर, प.ह.नं.-05 स्थित भूमि खसरा नंबर 367/1, 367/7, 367/11, 367/12, 420/2, 433/2 रकबा क्रमशः 0.72, 2.50, 0.70, 2.07, 0.08, 0.05 कुल 6.12 एकड भूमि आपसी बंटवारा के आधार पर आवेदक को प्राप्त हुआ है जिसका ना.क्र. 05 दिनांक 15.05.2004 है। ख.नं. 367/7, 367/11, 420/2, 433/2 वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में अनावेदकगण जोहितराम पिता पवन सिंह व 08 अन्य, निवासी कंचनपुर के नाम पर दर्ज हो गया है। अतः अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में अनावेदकगण जोहितराम, जोहनराम, मोहनराम, शत्रुहन, शांति बाई, कांति बाई, गायत्री बाई, गीता बाई पिता पवन सिंह, संतोषी बाई पति देवनारायण निवासी कंचनपुर, तहसील रतनपुर, हा.मु. ग्राम रिगरिया, तहसील बेलगहना, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) अपना दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15.10.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
### // ईश्तहार //

क्रमांक/क./अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 29/9/2025
रा.प्र.क्र../ब-121/2024-25
ग्राम-सिंघरी, प.ह.नं.-12

मौजा सिंघरी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा सिंघरी, प.ह.नं.-12 तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं.- 1840/3, रकबा 0.1620 हेक्टेयर हेतु आवेदक/आवेदिका श्री रामखिलावन साहू पिता/पति स्व. कुदनलाल साहू निवासी करगीरोड कोटा, तहसील कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा किसान किताब रजिस्ट्री होने के बाद से प्राप्त न होने/गुम होने के कारण ऋण पुस्तिका की नवीन/द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति /संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 13/10/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 29/9/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

### अधीक्षक भू-अभिलेख परिवर्तित भूमि क्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

आशीष सिंह ठाकुर पिता स्व.बलराम सिंह ठाकुर
निवासी-नेहरू नगर बिलासपुर...
आवेदक/आवेदिका

विरुद्ध

छ.ग. शासन......अनावेदक/अनावेदिकागण

इस न्यायालय में आवेदक श्री आशीष सिंह ठाकुर पिता स्व.बलराम सिंह ठाकुर निवासी नेहरू नगर बिलासपुर ने मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 674/3 शीट नं. 21/5 ब्लाक नं. ....प्लाट नं. 28/1 पर निर्मित ट्रेड व्यू के भूतल के प्रकोष्ठ क्रमांक /फ्लैट नं. 106 क्षेत्रफल 909 वर्गफुट के धारक आशा सिंह पति स्व.बलराम सिंह ठाकुर का निधन दिनांक 13/08/25 होने से वसीयतनामा के आधार पर आशीष सिंह ठाकुर पिता स्व.बलराम सिंह ठाकुर का नाम डायवर्सन अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिस किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष प्रकाशित होने के दिनांक 03/10/25 से दिनांक 13/10/25 तक कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समस्त दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई के दिनांक के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति मान्य नहीं होगा।

इस न्यायालय की सील मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

बिलासपुर, दिनांक: 03/10/25

**अधीक्षक भू-अभिलेख
परिवर्तित भूमि
बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
### राजस्व मामले में नोटिस

रा.प्र.क्र./अ-27/2024-25
ग्राम नेवसा, प.ह.नं. 55
तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

प्रति, जितेन्द्र सिंह पिता स्व. सोहन सिंह निवासी ग्राम मजगांव, तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)

हीरा सिंह बनाम रमेश सिंह वगै.

एतद् द्वारा आवेदक हीरा सिंह पिता स्व. सोहन सिंह निवासी ग्राम मजगांव तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम नेवसा प.ह.नं. 55, रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 134/2, 198, 312 रकबा क्रमशः 0.2350, 0.2990, 0.4010 हे. कुल रकबा 0.9350 हे. भूमि का अपने और अपने सहखातेदार रमेश सिंह वगैरह के मध्य 1/9 बराबर बराबर भाग में खाता विभाजन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त नामांतरण के प्रकरण के संबंध में मेरे न्यायालय में दिनांक 17/10/2025 को दिन 10:30 बजे से न्यायालयीन समय तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
तखतपुर**

### कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)
### आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना खमतराई बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-II-14 मूल आबंटी दिलीप कुमार देवलकर पिता स्व. श्री जी.एस. देवलकर को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनाँक 18 जुलाई 2008 को पंजीकृत किया गया है। आबंटित अपने उक्त भवन को प्रथम क्रेता श्रीमती मीरा देवांगन पति श्री राजू राम देवांगन को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो व अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा आपत्ति कर सकता है। अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख क्रमांक 222202089133 दिनांक 05/08/2022 के अनुसार M/S Adishaktti Construction में दो साझेदार श्री विनय कुमार खेडिया, एस.आर. कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से व्यापार एवं लेनदेन किया जा रहा था। यह कि दिनांक 15/09/2025 से उपरोक्त फर्म में निम्न लिखित संशोधन किया गया है एस.आर. कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी सहमति से साझेदारी से सेवानिवृत्त होने का निर्णय लिया है और इसी दिनांक से श्रीमति रुचि सिंघानिया को वर्तमान साझेदारों की सहमति से साझेदारी में शामिल किया गया है। अतः अब दिनांक 15/09/2025 से फर्म के वर्तमान साझेदार निम्नानुसार हैं (1) श्री विनय कुमार खेडिया (2) श्रीमति रुचि सिंघानिया उपरोक्त संशोधन के संबंध में यह आम सूचना सर्वसाधारण के अवगत कराने हेतु प्रकाशित की जा रही है।

वास्ते-
M/s Adishaktti Construction
साझेदार श्री विनय कुमार खेडिया
पता- रामालाइफ सिटि, सकरी,
बिलासपुर (छ.ग)

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती क्षमारानी चन्द्राकर उम्र 27 वर्ष पति श्री महेन्द्र कुमार चन्द्राकर साई नगर वार्ड 03,उस्लापुर, तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिए आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे आसामी द्वारा मौजा मंगला प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. सरकण्डा, बिलासपुर विकासखण्ड बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 89/33 में से क्षेत्रफल 1737.5 वर्गफीट भूमि स्थित है को भूमि स्वामी प्रीति सिंह उम्र 35 वर्ष, पिता श्री ईश्वरदीन सिंह निवासी 27 खोली, बिलासपुर जिला बिलासपुर से क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि उभयपक्ष को प्रदान किया गया है। निकट भविष्य में रजिस्ट्री किया जाना तय हुआ है। यदि सव्यवहार से किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक आदि को आपत्ति है तो मयदस्तावेज के 07 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। उक्तानुसार अवधि व्यवसान पश्चात् की गई दावा आपत्ति नामाजद एवं शून्य होगी।

जो सूचना जाने दिनांक 04/10/2025

भवदीय
**अजय कुमार सूर्या**
(अधिवक्ता)
मो.नं. 8770304664, 8269983020
कार्यालय - बजरंग चौक, वार्ड-10,
सिरगिट्टी, बिलासपुर







# दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन, जयकारों के साथ दी विदाई

शक्ति की उपासना का दस दिवसीय महापर्व दुर्गा पूजा शुक्रवार की देर रात प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। एक महीने से जारी पूजा-पंडालों की जगमगाहट, ढोल-नगाड़ों की थाप और वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज प्रतिमा विसर्जन के बाद थम गई। मां दुर्गा को विदा करते समय पूरे शहर में आस्था और भावनाओं का अनोखा संगम देखने को मिला। शहर से गांव तक भक्तों ने नम आंखों और भरे मन से मां को विदा किया और अगले वर्ष पुनः पधारने की कामना की। विदाई का दृश्य बेहद भावुक रहा, महिलाएं मंगलगीत गाते हुए प्रतिमा को विदा कर रही थीं। सुबह से ही विजर्सजन का क्रम प्रारंभ हुआ जो देर रात तक जारी रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पचरी घाट,छट घाट में बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा कर विसर्जन किया। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों की थाप और महिलाओं के सामूहिक लोकगीतों ने इस विदाई को और अधिक जीवंत बना दिया। जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजते वातावरण में भक्तों की आंखें छलक उठीं। पूरे दस दिनों तक पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम से सराबोर रहा। घर-घर और पंडालों में माता की प्रतिमा के आगे आरती और प्रसाद का सिलसिला अंतिम क्षणों तक चलता रहा। विसर्जन जुलूस निकलते समय सड़कों पर आस्था और संवेदना का अद्भुत नजारा दिखाई दिया। घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के शांतिपूर्वक विसर्जन कर सकें। माता दुर्गा के विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बीहट के अन्य दुर्गा प्रतिमाओं से बड़ी दुर्गा माता का मिलन कराने के बाद प्रतिमा को विसर्जन के लिए मल्हीपुर के लोगों को सौंप दिया गया।

## एकादशी पर श्याम भक्तों ने अर्पित किए 101 निशान

**श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में एकादशी पर राममंदिर तिलक नगर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो कि देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंची। जहां श्याम भक्तों निशान अर्पित किया।**

# 71 किलो फूल से भगवान का श्रृंगार





**बिलासपुर।** श्री श्याम मंदिर द्वारा हर माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भक्तों की भारी उपस्थिति में निशान यात्रा निकाली जाती है। इसी क्रम में क्वांर माह की एकादशी पर राम मंदिर तिलक नगर से निशान यात्रा निकाली गई। इसमें श्याम भक्त उत्साह से हाथ में निशान लिए हुए चल रहे थे और मंदिर पहुंचकर 101 निशान मंदिर में चढ़ाए। वहीं भगवान श्याम का 71 केजी फूलों से श्रृंगार किया गया। इसमें गुलाब, आर्किड, सेवंती, बैजयंती, गेंदा, तुलसी व कमल का फूल शामिल रहा। इन फूलों को दिल्ली से विशेष रूप से मंगाया गया था। एकादशी पर दर्शन करने वालों की भी भारी भीड़ रही।

# मां सतबहनियां मंदिर में क्वांर नवरात्रि की धूम

**बिलासपुर।** मां सतबहनियां महिला सेवा समिति कुदुदण्ड के महिलाओं द्वारा क्वार नवरात्रि पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया। नवरात्रि पर्व आरंभ 22 सितम्बर को मंदिर में विराजमान जगत जननी दुर्गा मां की और मां सतबहनियां दाई की श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर नवरात्रि पर्व आरंभ किये।

पहला दिन विधिपूर्वक पूजन कर मां दुर्गा जी और सतबहनियां की श्रृंगार कर सभी समिति के सदस्यों ने किये। मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश पं. बद्री प्रसाद मिश्रा द्वारा प्रज्वलित करवा गया और फिर ज्वारा बोवाई सभी सदस्यों के करवा गया। प्रतिदिन मंदिर में सुबह शाम विधि विधान से पूजा पाठ पंडित बद्री प्रसाद मिश्रा जी द्वारा करवाया गया। महिला समिति द्वारा भजन कीर्तन और जसगीत का आयोजन रोज मां के दरबार में किया जाता रहा। पंचमी, सप्तमी पूर्व विशेष रहा जिसमें लोग मां के दरबार में दूर दूर से दर्शन करने पहुंचे। पूरा मोहल्ला भक्ति मय वातावरण में डूबा रहा। दुर्गा अष्टमी पर्व पर शाम 5 बजे हवन कार्यक्रम में सभी समिति और मोहल्ले वाले भाग लिए। मां को अठवाई और 56 भोग लगाया गया। पूजा अर्चना के हवन का कार्य किया गया। नवमीं के दिन मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें मां दुर्गा रूप में छोटे छोटे बच्चों ने भाग लिए। शाम को मंदिर में ज्वारा विसर्जन का कार्यक्रम किया। इस आयोजन में महिला समिति और मोहल्ले के लोगों बढ़ चढ़ हिस्सा लिया।समिति के सदस्यों में जमुना सोनी, सुशीला सोनी, सरिता वासिंग, सहोदया सोनी, किशोरी वासिंग, सुभ्रा वासिंग, श्यामा उपाध्याय, इंद्राणी गहलोत, आशा दुबे, रिता वासिंग, गंगोत्री निर्मलकर, माधवी मानिकपुरी, काजल कश्यप, शिवानी कश्यप, सुषमा मराठा, सीमा चौहान, रमा तिवारी विसर्जन में भाग लिए। पवन सोनी, ईश्वर सोनी, भोगीराम यादव, बद्री प्रसाद मिश्रा, सुरित राम कश्यप, राधे मरावी एवं समस्त मोहल्ले वाले की उपस्थिति में ज्वारा विसर्जन हामाया तलाब सकरी में विधि विधान से किया गया।

जस गीत मंडली के साथ ज्वारा विसर्जन



## गायत्री शक्तिपीठ में 24 हजार गायत्री महामंत्र का जप

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में परिजनों ने 24000 गायत्री महामंत्र का जप , 1008 गायत्री महामंत्र लेखन और 108 गायत्री चालीसा का पाठ कर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया एवं पूर्णाहुति की। युगऋषि पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेश मुख्य ट्रस्टी हेमराज वैश्य, राष्ट्रकवि डॉ बृजेश सिंह एवं जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार के उद्बोधन के साथ सुनाया गया। महायज्ञ कार्यक्रम का मंच संचालन रामकुमार श्रीवास, मनोहर दास, श्रीमती जे. लाल, नलिनी कश्यप, दीक्षा पटेल, रामजी राजपूत, मालती मिश्रा और सुशीला यादव की टोली ने किया। कन्या भोज व सामूहिक अमृतासन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



महायज्ञ के साथ की गई पूर्णाहुति



## वृद्धजनों का सम्मान कर दी जरूरत की सामग्री



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने सरकंडा जोरापारा स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धों का सम्मान किया और उनके साथ समय बिताया। क्लब के सदस्यों ने वृद्धजनों से जाना की वृद्धाश्रम तक का सफर उनका कैसे हुआ। क्लब द्वारा वृद्धजनों को तिलक लगाकर कपड़े, जरूरत का मेडिकल सामान एवं खाद्य सामग्री दी गई। इस मौके पर शशि आहूजा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष आरती साहू, सचिव नीना गरेवाल, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, उपाध्यक्ष आरती अम्बस्ट, सह कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद, सक्रिय सदस्य ममता वर्मा, मनी जायसवाल उपस्थित रहीं।

# अधिकारियों एवं जवानों ने किया रक्तदान




**बिलासपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र राज कुमार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ प्रांतीय अग्रवाल संगठन महिला इकाई एवं पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में व्यापक पैमाने पर बिलासा ब्लड सेंटर संस्था के लिए रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया।

जिसमें ग्रुप केन्द्र द्वारा सर्व प्रथम रक्तदान कर अपने अन्य अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों तथा जवानों का हौसला बढ़ाया। सभी को संदेश देते हुए कहा कि इस रक्तदान का उद्देश्य मानवता को परिलक्षित करते हुए निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया जा रहा है, ताकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों या किसी दुर्घटना से घायल लोगों के लिए रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। त्यौहारों के समय में अधिकतम जवानों के अवकाश जाने के उपरान्त भी कैम्प में उपस्थित 27 लोगों ने उत्साहित होकर रक्तदान किया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट मनोज कुमार, डॉ अशलेशा कोहड, पायल लाठ तथा उनके टीम के सदस्य अवजीत प्रभात सहा कमा० नीलिमा नर्जरी, कलावती ठाकुर,सुशील पाण्डेय, सहायक कमा० सहित अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं महिला उपस्थित रहे।

# पर्व पर घर, पूजा स्थल में सजने लगी रंगोली

कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** विजया दशमी के बाद अब दिवाली का पर्व आने वाला है। इस पर्व पर हर घर रंगोली सजेगी। कुछ लोग घरों की रंगाई, पुताई के बाद रंगोली बनाना भी आरंभ कर दिए हैं। इसके मद्देनजर शहर में रंगोली की दुकानें सजने लगी है। लोग इसकी खरीददारी भी शुरू कर दिए हैं।

घर के सामने एवं पूजा स्थल में रंगोली बनाने की परंपरा काफी पुरानी है। दिवाली सहित अन्य विशेष पर्वो, त्यौहारों के समय लोग रंगोली जरूर सजाते हैं। माना जाता है कि जब भगवान राम माता सीता के साथ 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे, तो अयोध्यावासियों ने उनके स्वागत में घर-घर में प्रवेश द्वार पर रंगोली बनाई और दीपक जलाए। तभी से दीपावली पर रंगोली बनाने की प्रथा चली आ रही है। एंथोनी शॉप तारबाहर नाका के संचालक ने बताया कि इस साल भी विविध तरह की रंगोली चिल्हर व थोक में बेची जा रही है। इसके अलावा रंगोली को आकर्षक रूप देने चमकीला, झटपट रंगोली तैयार करने ठप्पा एवं रंगोली बुक भी उपलब्ध है। ठप्पे में लक्ष्मी पांव, स्वास्तिक, विविध तरह के फूल है। इसमें रंगोली बहुत कम लगती है और आकर्षक रंगोली बन भी जाती है।





### रंगोली का है धार्मिक महत्व

दिवाली भारत का सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह पर्व प्रकाश और अंधकार के बीच की जीत का प्रतीक है। दिवाली पर रंगोली बनाना इस पर्व की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। रंगोली न सिर्फ सजावट का एक हिस्सा है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। मान्यता है कि रंगोली लक्ष्मी माता का स्वागत करने के लिए बनाई जाती है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का प्रतीक भी मानी जाती है और शुभता का संकेत होता है।

# बारिश ने पर्व पर फेरा पानी, दूसरे दिन भी जारी रही बारिश

## मौसम जानकार बता रहे छत्तीसगढ़ में फिर बारिश की वापसी, कई जिलों में झमाझम बारिश के है आसार



जूना बिलासपुर मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं, लोगों का चलना हुआ मुहाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के प्रभाव से गुरुवार की रात से फिर बारिश शुरू हो गई, शुक्रवार की सुबह 11 बजे तक झमाझम बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। एकाएक शुरू हुई बारिश ने दशहरा पर्व पर भी पानी फेर दिया। दोपहर में मौसम खुला और धूप निकली, परन्तु शाम से फिर बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने पूरे संभाग के लिए आरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में अगले 48 घंटे भारी बारिश की आशंका बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के असर से कई जिलों में हो रही बारिश के चलते तापमान तेजी से घटा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले दो दिनों तक बारिश और मेघगर्जन की गतिविधियों में तेजी देखने को मिलेगी। गुरूवार की शाम 6 बजे से बूंदाबांदी होती रही, वहीं शाम 7 बजे झमाझम बारिश होने के कारण रावण दहन में व्यवधान उत्पन्न होता रहा, इसके साथ ही देर रात भी झमाझम बारिश होती रही जिसके चलते तापमान में कमी आने लगी। शुक्रवार की सुबह 5 बजे एक बार फिर बारिश होते ही सड़क जलमग्न हो गई। इस दौरान सुबह सवेरे मार्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों को घर में ही बैठना पड़ा, यह सिलसिला दोपहर 12 बजे तक जारी रहा, इसके बाद बारिश थमने पर लोगों ने राहत की सांस ली। खास बात यह है कि तापमान में आई कमी के चलते लोगों को उमस और गर्मी से राहत महसूस होने लगी है, शाम होते-होते बूंदाबांदी का दौर फिर से शुरू हो गया।




पुराना बस स्टैण्ड चौक पर भरा पानी।

### पूरे संभाग में आरेंज अलर्ट

सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली और कोरिया जहां भारी बारिश की संभावना है।

### जारी रही बिजली की आंखमिचौली

पिछले 3 दिनों से बिजली की आंखमिचौली जारी है। गुरूवार के बाद शुक्रवार की सुबह से ही बिजली बंद की समस्या से सामना करना पड़ा। करबला रोड, कुदुदंड, मसानगंज, टिकरापारा जैसे क्षेत्रों में कई बार बिजली बंद होती रही, इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटरों ने एक फिर उपभोक्ताओं को परेशान में डाला, फ्यूज कॉल सेंटरों के नंबर बिजी रही, वहीं फाल्ट ढूंढ़ने में काफी समय लग गया।

# पांच दिन लगातार छुट्टी के बाद कार्यालयों में अघोषित अवकाश

## जहां कर्मचारी मौजूद वहां भी ठप रहा कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार पांच दिनों की छुट्टी पाने के लिए शासकीय कार्यालयों में शुक्रवार को कर्मचारियों की उपस्थिति नगण्य रही। जिन विभागों में कर्मचारी पर्याप्त संख्या में थे, वहां भी कामकाज लगभग ठप रहा। विभागों में अघोषित अवकाश जैसी स्थिति बनी रही। अब शनिवार व रविवार को दो दिनों के अवकाश के बाद शासकीय विभागों में 7 अक्टूबर से कामकाज प्रारंभ हो सकेगा।

■ ज्यादातर विभाग रहे खाली

बुधवार को दुर्गा नवमी से प्रारंभ हुआ अवकाश सीधे रविवार को समाप्त होगा। शासकीय विभागों में लगातार अवकाश से एक ओर जहां शासकीय कर्मचारियों ने त्योहार का जमकर आनंद उठाया, वहीं लगातार अवकाश ने आम लोगों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। बुधवार को दुर्गा नवमीं के बाद गुरूवार दशहरा अवकाश था। शुक्रवार को अवकाश नहीं था व कर्मचारियों को आफिस में आकर काम करना था। इधर अधिकांशतः कर्मचारी व अधिकारियों ने गृह नगर बिलासपुर से बाहर होने व दशहरा पर्व परिवार के बड़े-बुजुर्गों के साथ मनाने का हवाला देते हुए शुक्रवार को एक दिन का अवकाश ले लिया था। कई तो ऐसे थे, जिन्होंने अवकाश तो नहीं लिया था, लेकिन आफिस में साइन कर नदारद हो गए।

कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित कार्यालयों में ज्यादातर यह स्थिति देखी गई। सहायक आयुक्त आबकारी में पूरा का पूरा स्टाफ ही नदारद था। यही नजारा मछली पालन विभाग में भी देखा गया। कोई भी कर्मचार अपनी सीट पर नहीं बैठा था। संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं आफिस में कुछ को छोड़कर शेष कर्मचारी नदारद पाए गए। अब आगे शनिवार व रविवार अवकाश होने के कारण सारे लोग सोमवार सात अक्टूबर को अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थिति देंगे।

### सोने पे सुहागा बनी बारिश

शुक्रवार को सुबह से ही बारिश हो रही थी। ऐसे में आफिस लेट से पहुंचने का लोगों को अच्छा बहाना मिल गया था। लोग अपने हिसाब से आफिस पहुंचते रहे व हस्ताक्षर करके अपनी सुविधानुसार घर लौटते रहे। शुक्रवार को पूरे दिन लगभग सारे विभागों का यही हाल था। लंच के बाद कुछ को छोड़कर लगभग सारे आफिस में सन्नाटा पसरा रहा।



शुक्रवार को कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी में सूनी रही कुर्सियां, नहीं पहुंचे कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### मिलिंद को मिला प्रोजेक्ट का प्रभार, मुख्तार ईई

बिलासपुर। बिजली विभाग ने बिलासपुर में पदस्थ 3 कार्यपालन यंत्रियों का तबादला कर दिया है। ग्रामीण सर्किल के ईई मिलिंद पांडे का तबादला परियोजना में कर दिया गया है, वहीं अनुपम सरकार को परियोजना से हटाकर ग्रामीण सर्किल में पदस्थापना दी गई है। इसके साथ ही कार्यालय अधीक्षण यंत्री शहरी सर्किल एस मुख्तार को कार्यपालन यंत्री एसटीएम में पदस्थापना दी गई है। सभी अधिकारियों की पदस्थापना आदेश मुख्य अभियंता राजेन्द्र प्रसाद द्वारा जारी की गई है।

### बीएडः दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

बिलासपुर। बीएड (बैचलर ऑफ एजुकेशन) पाठ्यक्रम 2025 में पहले चरण की काउंसलिंग व प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के साथ 30 सितंबर को रिक्त सीटों की जानकारी जारी की गई है। द्वितीय चरण शुरू होने के साथ ही पंजीयन व ऑनलाइन विकल्प फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके लिए 5 अक्टूबर तक का समय दिया है। एससीईआरटी की वेबसाइट में काउंसलिंग के लिए प्रक्रिया शुल्क का भुगतान कर चॉइस फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए 9 व 10 अक्टूबर निर्धारित है। द्वितीय चरण की प्रथम सूची 13 अक्टूबर को जारी होगी।

### शहर में चोरों का आतंक 3 बाइक पार

बिलासपुर। चोरों ने मौका पाकर 2 थाना क्षेत्रों से 3 बाइक की चोरी की है। पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। पहली घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। शहर के सबसे भव्य दुर्गा पंडाल को देखने जाना युवक को भारी पड़ गया। रिवर व्यू रोड़ में बाइक खड़ी करने पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक लखन यादव बरबसपुर थाना कटघोरा कर रहने वाला है और मध्यनगरी चौक शिशु भवन में कम्प्यूटर आपरेटर है। 2 अक्टूबर को पत्नि सहित दुर्गा पंडाल के दर्शन करने पहुंचा था। इस दौरान अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एआर 2518 को ताला लगाकर रोड किनारे खड़ा कर गया था, वापस आकर देखने पर बाइक चोरी हो गई है। दूसरी घटना श्रीकांत वर्मा मार्ग की है, जहां घर के आंगन में खड़ी गाड़ी को चोरों ने निशाना बनाया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्रीकांत वर्मा मार्ग में राहुल कुमार कश्यप पिता विनोद कुमार कश्यप का मकान है। श्री वर्मा ने 1 अक्टूबर की दरमियानी रात को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 ए जे 5229 को घर के सामने आंगन में खड़ी कर सोने चले गए। सुबह 4 बजे सोकर उठने पर आंगन में बाइक नहीं थी। अज्ञात चोरो ने आंगन से ही बाइक पार कर दी। तीसरी घटना भी सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। जहां चांटापारा निवासी राहुल सिंह ठाकुर किराए के मकान में रहते है और परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। उन्होंने अपनी बाइक सीजी 10 ई एल 5337 को14 सितंबर की रात को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर चले गए,चोरों ने रात 2 बजे बाइक का निशान बनाकर चोरी कर ली। युवक ने सिविल लाइन थाने में अपराध दर्ज कराया है। पुलिस सभी मामले में जांच कर रही है।

### होटल के गल्ले से निकाले 20 हजार

बिलासपुर। सीपत थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कर्मा बसहा में चोरों ने होटल को निशाना बनाया है। चोरों ने बड़ी ही चालाकी से होटल के गल्ले में रखे 20 हजार 900 रूपए को पार कर दिया है। पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अनिल रजक पिता पुसाड राम रजक ग्राम गुड़ी चौड़ापारा में रहता है और कर्मा बसहा गांव में उनकी किराए की होटल है। 2 अक्टूबर को रात 10 बजे होटल बंद कर संचालक अपने घर गुड़ी चला गया, 3 अक्टूबर को 6 बजे होटल खोलने आया, लोहे के दरवाजे को खोलकर अंदर गया। इस दौरान दुकान के अंदर सीमेंट की शीट टूटी हुई थी और सामान भी बिखरा पड़ा था। चोरों ने गल्ले में रखे 20900 रूपए को पार कर दिया है। सीपत थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# 6 माह से खराब ट्रांसफार्मर, सुधारने की बजाय लोड बढ़ा दिया, अब बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुदुदंड में बिजली की समस्या से उपभोक्ता जूझ रहे हैं। यूडीएम हॉस्पिटल तिराहा का ट्रांसफार्मर पिछले लगभग 6 माह से खराब है। लोड बढ़ने के कारण जल चुका है। विद्युत विभाग ने अतिरिक्त सप्लाई बढ़ाकर उपभोक्ताओं के घर को रोशन कर रहा है लेकिन इससे भी आधी-अधूरी बिजली मिल रही है। कई बार लो वोल्टेज की समस्या और बार-बार बिजली बंद होने की नौबत आ रही है लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

■ कुदुदंड के यूडीएम हॉस्पिटल तिराहा का ट्रांसफार्मर खराब

मिलन चौक व यूडीएम हास्पिटल तिराहा के पास लगा ट्रांसफार्मर 6 माह से खराब है। इसे सुधारने के बजाए विद्युत विभाग लोड बढ़ाकर और अलग-अलग ट्रांसफार्मर से अतिरिक्त सप्लाई कर कामचलाउ ढर्रे पर काम का रहा है। ट्रांसफार्मरों पर पहले से ही काफी बड़े क्षेत्र का लोड है, जिसमें तुलजा भवानी आसपास से यूडीएम की बाजू गली,सुधा विहार अतिरिक्त लोड बढ़ चुका है। हर दिन 4 से अधिक घंटे बिजली बंद होना यहां के लिए आम बात हो चुकी है। वार्ड नंबर 16 और 18 घनी मोहल्ला है, हजारों घर के लोगों को दिन में भी घंटों बिजली का इंतजार करना पड़ता है, वहीं बिजली मरम्मत के लिए कर्मचारियों की लापरवाही इनके रोजमर्रा के काम बिगाड़ रही है।



फ्यूज बाक्स का खुला ढक्कन, दुर्घटना की आशंका।

### दशहरे में भी रही बिजली बंद

इस साल पहली बार नवरात्र और दशहरे में भी आए दिन बिजली बंद होने की नौबत आई है। मसानगंज, गोड़पारा, गोलबाजार, सदर बाजार, तेलीपारा में बिजली बंद रही। दशहरे में भी 10-10 मिनट के लिए कई बार बिजली बंद होती रही। इस दौरान लोग परेशान होते रहे और सभी सेंटरों में फोन की घंटी घनघनाती रही इसके बाद भी फ्युजकॉल सेंटर से कोई जवाब नहीं मिला। लोग बिजली की समस्या से जूझते रहे।

### कल चालू कराया जाएगा

11 केवी लाइन में समस्या आई थी, इसलिए उस ट्रांसफार्मर को 2 दिन बंद किया गया था, इसके बाद ट्रांसफार्मर चालू था, अगर हाल में कुछ हुआ होगा तो मुझे जानकारी नहीं है। कल ही जेई को भेजकर ट्रांसफार्मर चालू कराया जाएगा।

**-गिरीश श्रीवास्तव**, एई, नेहरू नगर

### बदमाश ने चाकू अड़ाकर ठेकेदार से मांगे रुपए

बिलासपुर। गुंडा बदमाश लिस्ट में शामिल ऋषभ पानीकर ने शराब पीने के लिए क्षेत्र के ठेकेदार से रूपए मांगते हुए गाली गलौज की है। बदमाश ने रूपए नहीं देने पर ठेकेदार को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सरकंडा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के राजकिशोर नगर का है। राजकिशोर नगर कैलाश धाम निवासी शैलेन्द्र बाजपेई पिता स्व श्याम बिहारी बाजपेई कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। 2 अक्टूबर की रात को दुर्गा पंडाल घूम रहे थे, इस दौरान राजकिशोर नगर कैलाश धाम में दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन कर रहे थे। दयानबंद का नामी गुंडा ऋषभ पानीकर उनके पास आया और शराब के लिए रूपए की मांग करने लगा। इस दौरान श्री बाजपेई ने उन्हें रूपए देने से मना कर दिया, जिसके बाद वह गाली ठेकेदार को गाली गलौज करने लगा और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। जैसे तैसे ठेकेदार ने वहां से बचकर अपनी जान बचाई है। पुलिस मामले में जुर्म दर्ज कर आरोपी की पतासाजी कर रही है।

### निःशुल्क शार्ट हैंड प्रशिक्षण शुरू

बिलासपुर। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ द्वारा 3 अक्टूबर से निःशुल्क शार्ट हैंड प्रशिक्षण किया गया है। इस का समापन 18 अक्टूबर को होगा। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि यह प्रशिक्षण15 दिन का है, इसमें शार्ट हैंड, टायपिंग नागोराव शेष स्कूल के पास दिया जा रहा है।

# मंदिर में गंदगी करने का आरोप, भड़का लोगों का गुस्सा, दो घरों को भीड़ ने तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाना के अंतर्गत महामाया आईटीआई के पास बस्ती में बने शंकर मंदिर में अज्ञात व्यक्ति ने गंदगी कर दी। जिसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले और आसपास के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने आनन-फानन में दो झोपड़ीनुमा घरों को तोड़ दिया। लोगों का गुस्सा देख किसी ने पुलिस से शिकायत की जिसके बाद सिपाहियों को भेजा गया, लेकिन लोगों का गुस्सा देखकर सिपाही भी उलटे पैर लौट गए। पुलिस इस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है। फिलहाल खबर लिखने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

■ सरकंडा थाना क्षेत्र के महामाया आईटीआई के पास की घटना

एक ओर शहर में दुर्गा विसर्जन जारी है, वहीं सरकंडा क्षेत्र के बस्ती में बने भगवान शंकर के मंदिर पर किसी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गंदगी करने की बात सामने आते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा। घटना शुक्रवार रात 8 बजे की है, जहां महामाया आईटीआई रोड के पास बनी बस्ती में सैकड़ों लोगों ने जमकर उत्पात मचाया, लोगों ने आरोप लगाया कि अज्ञात व्यक्तियों ने मंदिर में गंदगी कर अपमानित करने का प्रयास किया, लोग गुस्से में थे और इस दौरान कुछ लोगों ने दो झुपड़ीनुमा घरों को ध्वस्त कर दिया। सरकंडा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद सिपाहियों की टोली पहुंची, लेकिन लोगों का गुस्सा और हंगामे को देखते हुए सिपाही बैरंग लौट गए। पुलिस के अधिकारी मामले को संवेदनशील बताते हुए कुछ भी कहने से बचते रहे।



घटना के बाद विरोध-प्रदर्शन करते युवक।



### विसर्जन में रही जिले की फोर्स

खास बात यह है कि शुक्रवार से ही दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो चुका है। ऐसे में एहतियात के तौर पर पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। जिसके चलते थानों में बल नहीं के बराबर है। सरकंडा क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने दो सिपाहियों को तस्दीक के लिए भेजा था, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करना उनके बस की बात नहीं थी।

# कानन जू में तीन दिन बाद काम पर लौटे दैनिक कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जू में ही नई जिम्मेदारी देते हुए इधर-उधर कर दिया गया, जिससे नाराज कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। प्रबंधन की समझाइश के तीन दिन बाद कर्मचारियों ने अपना प्रदर्शन बंद करते हुए जू के अंदर काम में वापसी की।



कानन पेंडारी जू में 105 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कार्य करते हैं। इन कर्मचारियों को शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज की जिम्मेदारी के अलावा अन्य कार्य दिए गए हैं। वन्यप्राणियों के आहार से लेकर सफाई व्यवस्था व दूसरे काम दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ही करते हैं। कुछ दिन पहले करीब 40 की संख्या में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जू की नई व्यवस्था के तहत इधर-उधर कर दिया गया। इससे नाराज होकर कर्मचारियों ने प्रभारी रेंजर, डिप्टी रेंजर एवं फारेस्ट गार्ड पर परेशान करने का आरोप लगाया और काम बंद करने के उपरांत गेट के सामने धरने पर बैठ गए। कानन प्रबंधन ने कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कानन पेण्डारी जू में काम प्रभावित होते हुए देख आसपास के 50 से अधिक ग्रामीणों को बुलाकर काम कराया। तीन दिन तक प्रबंधन की समझाइश के बाद शुक्रवार की दोपहर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। कानन पेंडारी के अधीक्षक राजेंद्र सोरी ने बताया कि

करीब 40 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को इधर-उधर किया गया है। इसका कारण है कि अगर कर्मचारी सभी केज और दूसरे कार्य करेंगे तो उनका ही भविष्य में फायदा होगा। इसके लिए उन्हें अच्छे से समझाइश भी दी गई है, जिसके उपरांत कर्मचारी काम पर वापस आ गए हैं।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

## खबर संक्षेप

### जनपद अध्यक्ष ने किया बुजुर्गों का सम्मान



**लोरमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा रहै। इसी के तहत नगर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर वरिष्ठजनों को श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, सुशील यादव सहित जनपद सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने की मंदिर प्रांगण की सफाई



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत ग्राम देवरी महंत के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में मुख्य रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता बिसाहू पटेल, चन्द्रेश पटेल, गुड्डू ठाकुर, जगदेव सप्रे, पंचराम यादव, उमा कल्यानी कौशिले, भुवन पटेल, नीलम पटेल, उत्तरा बंजारा, जोहन निषाद, मंजय यादव, जित्तू ध्रुव, लक्ष्मण गुप्ता, मनहरण यादव, दुकाल यादव, मदन गंधर्व, चरण गंधर्व सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हरिओम ने हासिल किया सिल्वर व ब्रांज मैडल

**मल्हार।** जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एक बार फिर से नगर के हरिओम लोहार ने सिल्वर व ब्रांज मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। 22 से 26 सितंबर तक हिमांचल प्रदेश के सोलन में 5 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे हरिओम ने कराटेफाम वेपन लाठी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर एवं म्यूजिकल वेपन लाठी में ब्रांज मेडल हासिल कर एक और उपलब्धि अपने नाम की। इससे पहले भी हरिओम राज्य, जिला व राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।




### कल्पप्रभा संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान



**मरवाही।** कल्पप्रभा संस्था ने 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत चनाडोंगरी के पिपलटोला प्राथमिक शाला में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्था ने स्वच्छता के महत्व को उजागर किया और लोगों को स्वच्छ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य बच्चों और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वच्छ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में चनाडोंगरी उपसरपंच पुष्पेंद्र सिंह पाव, ग्रामवासी पुष्पराज सिंह, खेलन सिंह, राजा केवट और कृष्णकांत पाव सहित विद्यालय के विद्यार्थी आशीष, साहिल, सागर और अर्पित उपस्थित रहे। इन सभी ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### आत्मनिर्भर बनने भरा संकल्प पत्र



**लोरमी।** नगर मजगांव में भाजपा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 126वां एपीसोड सुनकर आत्मनिर्भर भारत संकल्प पत्र भरते बूथ नंबर 96 वार्ड क्रमांक 9 मजगांव के कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प पत्र भरा। प्रधानमंत्री के बातों को सुनकर आत्मसात करने प्रेरणा लिया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि छेदूराम यादव, पुरुषोत्तम सिंह, पूर्व पार्षद घंशू राजपूत, बूथ अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत, अरविंद सिंह, रामनिवास राजपूत, वीर सिंह, परसराम, राजेंद्र सिंह, कमल सिंह, अभय सिंह, सत्यवती राजपूत, दुर्गा देवी, गौरी बाई, अभय सिंह, आयुष, सीता देवी, दीपक सिंह, अतुल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नगर पालिका स्कूल प्रांगण में पांच दिवसीय गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन

# गरबे की धुन पर थिरकीं महिलाएं, गीतों से सजी महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर रोट्रेक्ट क्लब की ओर से नगर के हृदय स्थल नगर पालिका स्कूल प्रांगण में पांच दिवसीय गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। माता रानी की आराधना और गरबा नृत्य की भक्ति से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शनार्थी माता रानी की भक्ति और गरबा नृत्य का आनंद लेने पहुंचे। बालिकाओं और महिलाओं के बीच उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शनार्थी माता रानी की भक्ति और गरबा नृत्य का आनंद लेने पहुंचे। बालिकाओं और महिलाओं के बीच उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।

गरबा महोत्सव में अतिथि के रूप में प्रेस क्लब के अध्यक्ष व सदस्य, विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, कलेक्टर कुंदन कुमार, एडिशनल कलेक्टर निष्ठा पांडे, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडे, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, एसडीएम पथरिया, एसडीओपी मयंक तिवारी एवं सिटी कोतवाली प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले कहा कि रोट्रेक्ट क्लब के सदस्य लगातार 22 वर्षों से इस गरबा महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। यह अत्यंत सराहनीय और जिले के लिए सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर इस प्रकार के आयोजन




नगर पालिका स्कूल प्रांगण में गरबा करती महिलाएं।

से श्रद्धा और शक्ति की भावना जागृत होती है तथा लोग माता रानी के प्रति अपनी आस्था को पूर्ण तन्मयता से अर्पित करते हैं। प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की गई थी। प्रतिदिन सर्वोत्तम गरबा परिधान और सर्वोत्तम गरबा नृत्य प्रस्तुत करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया गया। अंतिम दिवस पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व नपा अध्यक्ष, नपा अध्यक्ष, संचालक बजरंग ट्रैक्टर, सुरेश ज्वेलर्स, धीरज सोनी सहित नगर के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। विशेष पुरस्कार के रूप में महिलाओं और बालिकाओं को जुपिटर के साथ सर्वोत्तम सेल्फी का इनाम खुशी उत्पल ओप्पो मोबाइल प्रदान किया गया। पांचों दिन के आयोजन में सर्वोत्तम गरबा परिधान की श्रेणी में प्रथम स्थान पर फरीदा पात्रे, शीतल नन्होरिया, रोशनी केसरवानी, स्वीटी रात्रे और पूजा देवांगन रहीं। द्वितीय स्थान साक्षी सोनी, प्रिया देवांगन, हिमांशी सिंह, सव्य ठाकुर और मणि शर्मा को मिला, वहीं तृतीय स्थान पर रौम्या कोठारी, सौम्या ठाकुर, अंकित नायक, श्रद्धा सिंगसार और अनुराधा पटेल रहीं। इसी तरह चतुर्थ स्थान प्रीति गोसाई, अनामिका वैष्णो, सुप्रिया साहू और वेदिका चौहान को तथा पंचम स्थान समीक्षा जोशी, रूही टंडन, रुचि केसरवानी, हर्षिता गंधर्व और तनु केसरवानी को प्राप्त हुआ। सर्वोत्तम गरबा नृत्य की श्रेणी में प्रथम स्थान पर आकांक्षा ठाकुर, मधु देवांगन, भाविन सिंह, वर्षा तंबोली और अंशिका यादव रहीं। द्वितीय स्थान साक्षी सोलंकी, अदिति श्रीवास, आलिया बंजारे, मौली शुक्ला और नीलम तंबोली को मिला, जबकि तृतीय स्थान आंचल सोनी, अंजलि विश्वकर्मा, माही देवांगन, साक्षी यादव और प्रिया मानिकपुरी को प्रदान किया गया। चौथे स्थान पर उपासना साहू, रितिका शुक्ला, सुनैना विंटर, अग्रिम तिवारी और ऐश्वर्या सोनी रहीं तथा पंचम स्थान अच्छा साहू, वेदिका रजक, वर्षा यादव, रागिनी चौहान और पल्लवी पांडेकर को प्राप्त हुआ।

आयोजन को सफल और भव्य बनाने में क्लब अध्यक्ष विकास जैन, सचिव निलेश केशरवानी, गरबा प्रभारी रविंदर छाबड़ा और दिनेश गोयल के साथ क्लब के सदस्य रामशरण यादव, कमल कोठारी, संदीप चोपड़ा, रितेश अग्रवाल, राजू श्रीवास्तव, गिरीश सुथार, श्रेणिक पारख, धीरज जैन, नितेश ठाकुर, दीपक कोटडिया, विनय लूनिया, संजीव जैन, मनीष वाधवा, अनीस सोनी, कैलाश देवांगन, राहुल वधवा, अनीश जैन और अतुल रोहरा सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी रविंदर छाबड़ा एवं दिनेश गोयल ने किया।

## सादगीपूर्ण तरीके से किया प्रतिमाओं का विसर्जन



**पथरिया।** नगर में जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जित किया गया। विसर्जन का सिसिला देर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। नगर पंचायत व्यापारी संघ समिति, शांति नगर अटल चौक, बाजार चौक,थाना ग्राउंड समिति, आजाद चौक, बंजारी चौक, शिव मंदिर चोरभट्टी, बूढ़ादेव चौक, लौदा पारा आदि सभी समितियों ने प्रतिमा का विसर्जन सादगीपूर्ण तरीके से किया। सभी समीतियो ने प्रशासन की गाइडलाइन का पालन किया। व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेंद्र निर्मलकर ने शांति पूर्ण विसर्जन संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

## विसर्जन के दौरान पुराने वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरके ग्रामीण



**जरहागांव।** क्षेत्र के घुडूकापा में दुर्गा विसर्जन में गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अक्सर प्रतिमा विसर्जन के दौरान लोग डीजे के धुन पर झूमते हैं, लेकिन यहां के लोगों ने पुराने वाद्य यंत्र मांदर, मृदंग की ताल पर झूमते हुए विसर्जन किया। इस दौरान भव्य प्रसाद वितरण भी किया गया। विसर्जन के दौरान चंद्र कुमार साहू, टीकाराम साहू, महेश कुमार साहू,दिनु साहू मनमोहन साहू, मनीष कुमार साहू, रूपेश कुमार साहू, गरितेश साहू, किशोरी लाल साहू, विनोद साहू, गुरु साहु, राजेंद्र दुबे, गौरी साहू, दीप्ति साहू, नीलम साहू, भुवनेश्वर साहू, कल्पना साहू, सुकृत साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, संध्या साहू, दीक्षा साहू आदि उपस्थित रहे।

## मां नारायणी दुर्गोत्सव समिति को प्रथम पुरस्कार




**करगीरोड कोटा।** श्री सिद्ध बाबा मां नारायणी के हृदय स्थल पर विराजित मां नारायणी दुर्गा उत्सव समिति ने इस वर्ष दुर्गा पंडाल की सजावट 'ऑपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर की। इस उत्कृष्ट प्रस्तुति को नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्रथम स्थान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर समिति ने नगर उत्सव समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष वेंकटलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष बलराम सोंधिया, सचिव सूरज साहू, राजू साहू, कोषाध्यक्ष महावीर साहू, सहसचिव शिव साहू, विजय साहू, संतोष साहू, दादी साहू, दादू साहू, राज साहू, कल साहू सहित मोहल्ले और नगर के सैकड़ों श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## कलश शोभायात्रा का दर्शन करने उमड़ी भीड़



**मल्हार।** मां डिडनेश्वरी मंदिर परिसर से शुक्रवार को दिव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पांच सौ से ज्यादा महिलाएं व युवतियां शामिल हुईं। पीली व लाल साड़ी धारण कर मातृ शक्ति ने कतारबद्ध चलते हुए कलश यात्रा को खूबसूरत बना दिया। झांझ, मंजीरों के धुन पर नाचते गाते लोगों ने कलश यात्रा की अगुवाई करते हुए नगर भ्रमण किया। मंदिर से निकली कलश यात्रा ठाकुरदेव चौक, बाजार चौक, स्कूल चौक होते हुए मेला चौक स्थित भगवान पातालेश्वर मंदिर पहुंची, जहां पूजा-पाठ के बाद खैया तालाब में जंवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान देवांगन मोहल्ला की महिलाओं ने अपने घरों के सामने चौका आरती सजाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया।

**पथ संचलन...**



रतनपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथसंचलन कर नगर भ्रमण किया। इस दौरान जगह जगह संगठनों, महिलाओं ने स्वागत किया।

## बारिश के बीच जगराता में शामिल होने उमड़ा जनसैलाब



**पेंड्रा।** दशहरा पर्व के अवसर पर पेंड्रा हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित भव्य जगराते ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लगातार होती बारिश के बीच भी लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मुंबई से आई मशहूर भजन गायिका रिजा खान और प्रसिद्ध कलाकार बाली ठाकरे की मनमोहक प्रस्तुतियों ने ऐसा समा बांधा कि पूरा मैदान 'जय माता दी' के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। शाम होते ही श्रद्धालु परिवार सहित बड़ी संख्या में ग्राउंड पहुंचने लगे। देर रात तक हुए जगराते में कलाकारों की मधुर आवाज और भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को माता की महिमा में डूबो दिया। हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने बारिश के बीच भजनों पर झूमते रहे।

### 51 फीट रावण दहन बना आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम के दौरान 51 फुट ऊंचे रावण का दहन भी किया गया। बारिश के बावजूद लोग बड़ी संख्या में मैदान में डटे रहे और विजयादशमी पर्व के गवाह बने। रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी ने आसमान को रोशन कर दिया और लोगों ने विजयादशमी का उल्लास भक्ति और उत्सव दोनों रूपों में महसूस किया। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने जगराते की सफलता के लिए सभी श्रद्धालुओं और आयोजकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि, श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था ही हमारे इस आयोजन की सबसे बड़ी पूंजी है। बारिश में भी लोगों का जुटना माता रानी के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है।



## चिरायु योजना के तहत बच्ची को मिला नया जीवन

**मुंगेली।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना का जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला शाहा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में योजना के तहत चिरायु टीम द्वारा जिले में स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में चिरायु दल बी ने कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय छात्रवास लोरमी में कक्षा 6 में अध्ययनरत रोशनी का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें छात्रा में हृदयाघात की समस्या पाई गई। इसकी जानकारी हॉस्टल अधीक्षिका को दी गई एवं अगले दिन रोशनी के पिता शिवप्रसाद को छात्रवास अधीक्षिका के माध्यम से संपर्क कर ईलाज की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। सहमति के पश्चात जांच हेतु बच्ची को सत्य साईं हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। ऑपरेशन के लिए रोशनी को भर्ती किया गया और लगभग 1 सप्ताह से अधिक समय से चले उपचार के पश्चात रोशनी स्वस्थ होकर अपने घर वापस आ गई। इससे उसे नया जीवन मिल गया है। रोशनी के माता-पिता ने शासन-प्रशासन, स्वास्थ विभाग और चिरायु दल का आभार व्यक्त किया।



**ऑपरेशन के बाद हृदयाघात की समस्या से मिली निजात**

### अस्थायी पटाखा लाइसेंस का नवीनीकरण 31 तक

**मुंगेली।** जिले में अस्थायी पटाखा लाईसेंस का नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर जिले में अस्थायी पटाखा लाइसेंस के नवीनीकरण हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी मुंगेली, लोरमी और पथरिया को अधिकृत किया है। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि, अस्थायी पटाखा लायसेंस का नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक के लिए किया जाएगा। नवीनीकरण हेतु निर्धारित शुल्क का चालान के माध्यम से जमा करना होगा। नगरीय निकाय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रें में विस्फोटक नियम 2008 के प्रावधानों के अनुरूप पटाखा विक्रय हेतु सुरक्षित स्थल को चिन्हांकित कर लायसेंस धारियों को आबंटित किया जाएगा। आबंटन की कार्यवाही अनुविभागीय दण्डाधिकारी की निगरानी में की जाएगी।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन, कलेक्टर रहे मौजूद

# किसानों से एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमपुरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा तय करने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड मुंगेली के ग्राम धरमपुरा में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर कुन्दन कुमार नोडल अधिकारी के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने की अपील करते हुए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी और धान खरीदी व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि, शासन के निर्देशानुसार 14 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन सभाओं का उद्देश्य किसानों के रकबा के अनुसार धान खरीदी सुनिश्चित करना है। उन्होंने आगे कहा कि, किसानों के रकबा का विवरण भुइयां पोर्टल में अंकित किया जा रहा है, और पीवी एप के माध्यम से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या समस्या को ग्राम सभा में रखा जा सकता है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि, छोटे किसानों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए समिति स्तर पर सत्यापन किया जाएगा, ताकि किसी भी किसान का पंजीयन छूट न जाए। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि, धान खरीदी के समय कई अधिकारी गांव का दौरा करेंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। सभा में एग्रीस्टेट पोर्टल पंजीयन और डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित पीवी एप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सूची का वाचन कर सुनाया गया, ताकि प्रत्येक किसान को अपनी स्थिति की जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने ग्राम सभा में सामाजिक मुद्दों पर भी विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को नशा एवं बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प दिलाया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।




विशेष ग्राम सभा में उपस्थित अफसर।

### 70 वर्षीय परंपरा में रावण-दहन, झांकियों का सम्मान

**करगीरोड कोटा।** विजयादशमी पर्व पर हनुमंत रामायण मंडली की ओर से संचालित 70 वर्ष पुरानी परंपरा का निर्वहन पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। यह परंपरा विगत स्व. सूरज प्रसाद तिवारी, मोतीलाल अग्रवाल, जगन्नाथ मैनेजर एवं टीपी दुबे जैसे वरिष्ठों से विरासत में मिली है। कार्यक्रम के तहत नगर में चलित रावण और कुंभकरण के पुतलों का आकर्षक जुलूस निकाला गया। इसके बाद राम-जानकी को रथ पर विराजमान कर मंडी ग्राउंड में रावण एवं कुंभकरण दहन की ऐतिहासिक परंपरा निभाई गई। विजयादशमी पर्व का आयोजन एमएमडब्ल्यू पंचमुखी हनुमान मंदिर हटरी पारा परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। नगर में इस अवसर पर विभिन्न चलित झांकियां प्रस्तुत की गईं। मां पार्वती द्वारा शिवजी के जल अभिषेक को प्रथम, झूपत-झूपत आबे दाई को द्वितीय एवं सावित्री द्वारा यमराज से निवेदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं स्थल झांकियों में मां नारायणी दुर्गा उत्सव समिति डोंगरीपारा को प्रथम, गांधी बाग की माता रानी थाना ग्राउंड को द्वितीय तथा मां आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में अतिथि रूप से कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के भाई अजय श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, संतोष गुप्ता, संतोष मिश्रा, बबला जायसवाल सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

